**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 06-(क ) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ स्थित विकास नगर सेक्टर-6 के पार्क के पीछे मकान संख्या-6/64 एवं मकान संख्या-6/347 के पास ठीक चौराहे की मोड पर रोड की 03 मीटर चौड़ाई को लोहे की ग्रिल की दीवार से घेरते हुये लगभग 250 वर्ग फुट पर कुछ व्यक्तियों/संस्था द्वारा कब्जा कर वहीं पर एक टावर भी लगाया गया है ? | जी हॉ।<br>नगर निगम, लखनऊ के सीमान्तर्गत विकास नगर सेक्टर-6 में स्थित मकान सं0-6/647 एवं मकान सं0-6/347 आस-पास हैं। मकान सं0-6/647 के सामने टावर लगाने की अनापत्ति का प्रमाण-पत्र नगर निगम, द्वारा दिनांक 08.05.2017 को जारी किया गया था। परन्तु संज्ञान में आया है कि यह टावर मकान सं0-6/347 के सामने लगा दिया गया है।<br>टावर हटा कर अनापत्ति दिये गये भवन के सामने लगाने हेतु नगर निगम, लखनऊ द्वारा दिनांक-04.07.2022 को नोटिस भेज दी गई है। तत्श्चात दिनांक-16.09.2022 को पुनः नोटिस जारी की गयी है। टावर लगाने वाली फर्म ने अपने पत्र दिनांक 16.09.2022 द्वारा टावर शिफ्ट किये जाने हेतु एक माह का समय मांगा गया है।<br>उपरोक्त के दृष्टिगत टावर शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त कब्जा एवं टावर का अधिष्ठापन वैध है अथवा अवैध ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि वैध है, तो क्या इससे सम्बन्धित पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगें ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि अवैध है, तो क्या उक्त अतिक्रमण को हटाया जायेगा ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड ) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (च) यदि नही, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

ए0के0 शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।

BL-question ka ans & letter